विचार

जीवन वह है जो तब घटित होता है जब आप अन्य योजनाएं बनाने में व्यस्त होते हैं।
- जॉन लेनन

सब की खबर

जनगाथा टाइम्स

वर्ष: 05 ■ अंक: 257 ■ शुक्रवार 27 जून 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मोबाइल: 98881-91277 ■ editor@jangathatimes.com ■ www.jangathatimes.com ■ RNI NO.PUNHIN/2018/75723




# शिक्षा क्रांति के दावों की पोल खुली: होशियारपुर में महीनों से खाली हैं जिला शिक्षा अधिकारी के अहम पद

## शिक्षा विभाग की प्राथमिक शाखा की जिम्मेदारी भी सेकेंडरी विंग के अधिकारी के कंधों पर आ गई है, जिससे कार्य का अत्यधिक दबाव बना हुआ है।

**राजेंद्र मैडी। होशियारपुर**
पंजाब सरकार ने बीते एक महीने के दौरान 'शिक्षा क्रांति' नामक एक विशेष मुहिम चलाई, जिसके अंतर्गत आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक, सांसद और हलका इंचार्ज प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में जाकर वहां हुए विकास कार्यों का उद्घाटन करते रहे। इन कार्यक्रमों में बाकायदा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों के नाम वाले उद्घाटन पत्थर भी लगाए गए। इसके अतिरिक्त, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित कर सरकार ने इसे जनसंपर्क और प्रचार का माध्यम बना लिया। लेकिन इस प्रचार के शोर के बीच हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। जिले में जिला शिक्षा अधिकारी (एलीमेंट्री) का पद कई महीनों से रिक्त पड़ा है। जानकारी के अनुसार, इस पद पर तैनात अधिकारी को निलंबित किए जाने के बाद उसे पेंडिंग इंक्वायरी के चलते कपूरथला भेज दिया गया। तब से लेकर अब तक इस पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई है। फिलहाल इस पद की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) को ही दे दी गई है। यही नहीं, 1 अप्रैल से उप जिला शिक्षा अधिकारी (एलीमेंट्री) का पद भी खाली है। इस पद पर तैनात अधिकारी सुखविंदर सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद अब तक उनका स्थान नहीं भरा गया है। ऐसे में शिक्षा विभाग की प्राथमिक शाखा की जिम्मेदारी भी




सेकेंडरी विंग के अधिकारी के कंधों पर आ गई है, जिससे कार्य का अत्यधिक दबाव बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि जिले में आम आदमी पार्टी के चार विधायक, एक सांसद, एक कैबिनेट मंत्री और डिप्टी स्पीकर जैसे प्रमुख नेता होने के बावजूद ये पद खाली पड़े हैं। जबकि केवल मुकेरियां सीट से भाजपा का विधायक है, बाकी छह विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। मुकेरियां में भी आम आदमी पार्टी का हलका इंचार्ज सक्रिय है। विभाग द्वारा 'समरथ' प्रोजेक्ट और एनरोलमेंट ड्राइव चलाई जा रही है, जिसके तहत रोजाना स्कूलों के निरीक्षण के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे में एक ही अधिकारी द्वारा प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों स्तरों की निगरानी करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसके अलावा, स्कूलों में किताबों की आपूर्ति भी पूरी नहीं हो सकी है। कुछ किताबें अभी तक भेजी ही नहीं गई, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या शिक्षा क्रांति केवल उद्घाटन तक सीमित रह गई है या सरकार वास्तव में शिक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है?

# 20 से ज्यादा गायों की मौत: होशियारपुर में गोशाला का लेंटर गिरा, मलबे में दबने से गोवंश की मौत, रेस्क्यू जारी

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में बड़ा हादसा हुआ है। होशियारपुर के हरियाना कस्बे में गोशाला का लेंटर गिरने से 20 से ज्यादा गोवंश की मौत हो गई। हादसा वीरवार-शुक्रवार की रात करीब 2:30 बजे हुआ है। जानकारी के अनुसार लेंटर गिरने से पहले गोशाला में करीब 40 गाय और बछड़े मौजूद थे।

कस्बा हरियाना के ढक्की रोड स्थित महंत कौशल किशोर दास गोशाला की छत गिरने से 20 गायों व बछड़ों की मौत हो गई। छत की नीचे लगभग 42 गाय व बछड़े दब गए थे। हादसे के बाद लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। समाजसेवी संस्थाओं व नगर निवासियों के सहयोग से लगभग 20 गायों को बचा लिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी मनमोहन सिंह दर्दी, पशु चिकित्सा निरीक्षक अजमेर सिंह, पशु चिकित्सा निरीक्षक परमिंदर सिंह भी घायल गोवंश की मरहम पट्टी करने पहुंचे। हादसे की सूचना मिलते ही कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह भी मौक पर पहुंचे। उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। शहर के





गो सेवक सुभाष कुमार शुभ, रवि कुमार गढ़दीवाल, गोपाल व विभिन्न समाजसेवियों ने जेसीबी मशीनों की सहायता से कुछ गायों को बचाया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, पूर्व विधायक पवन कुमार आदिया, शिअद के शामचुरासी हलके के प्रभारी संदीप सिंह तथा डेरा माघी राम से संत सच्चिदानंद भी मौके पर पहुंचे। मृत गोवंश को विधिवत तरीके से जमीन में दबाया गया। पंडित बिल्लू ने पूजा-अर्चना कर गोवंश को अंतिम विदाई दी। मौके पर नायब तहसीलदार भुंगा परवीन कुमार, नगर काउंसिल अध्यक्ष संजय कपिला, पटवारी मोती सिंह व पार्षद पवन कुमार भी मौजूद रहे।

# बवाना में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की 22 गाड़ियां; धुएं का गुबार देख मची अफरातफरी

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली के बाहरी उत्तरी इलाके बवाना के सेक्टर 4 स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 22 फायर टेंडर मौके पर भेजे। करीब 110 दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे। जानकारी के मुताबिक अभी भी आग पर पूरी तहर से काबू नहीं पाया गया है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग की सूचना सुबह 4:15 बजे कंट्रोल रूम को मिली थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई। हालांकि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है,



लेकिन पूरी तरह बुझाने में अभी समय लग सकता है।

गनीमत रही कि इस हादसे में अब तक किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है। आग के कारण आसमान में काले धुएं का गुबार फैल गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग की एक विशेष टीम मामले की जांच में जुट गई है। दिल्ली में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक गर्मी और लापरवाही की वजह से ऐसे हादसे बार-बार सामने आ रहे हैं।

# ईरान की दो टूक, अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने को लेकर कोई समझौता नहीं

**तेहरान ।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। एजेंसी ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के हवाले से इसकी जानकारी दी है। गुरुवार को प्रसारक के साथ हुए साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा, ह्रहमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। अगर हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर, कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है। अराघची ने वाशिंगटन पर 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर वार्ता के पिछले दौर के दौरान ईरान को धोखा देने का आरोप लगाया। ईरानी



राजनयिक ने यह भी पुष्टि की कि संसद ने शीर्ष संवैधानिक निरीक्षण निकाय ह्रगार्जियन काउंसिलह्न के अनुमोदन के बाद संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से सहयोग को निलंबित करने वाला कानून बाध्यकारी हो गया है। उन्होंने कहा, ह्रयह कानून अब अनिवार्य है और इसे लागू किया जाएगा। आईएईए के साथ हमारा सहयोग एक नया आकार लेगा। अराघची ने यह भी कहा कि इजरायल के साथ 12 दिवसीय युद्ध से हुई क्षति ह्रगंभीरह्न थी और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के विशेषज्ञ विस्तृत आकलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति की मांग करने का सवाल सरकार के एजेंडे में सबसे ऊपर था। यह संघर्ष 13 जून को शुरू हुआ जब इजरायल ने ईरान में सैन्य और परमाणु सुविधाओं सहित कई ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए। ये हमले ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 15 जून को मस्कट, ओमान में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने से कुछ दिन पहले हुए। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की लहरें चलाई, जिससे हताहत हुए और नुकसान हुआ। शनिवार को अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने सोमवार को कतर में अमेरिका के अल उदीद एयर बेस पर मिसाइलें दागीं। 12 दिनों तक चले संघर्ष का अंत मंगलवार को ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के साथ हुआ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, राजेंद्र कुमार के द्वारा नारैन प्रिंटिंग प्रेस कश्मीरी बाजार होशियारपुर पंजा से छपवाकर, शंकर नगर नजदीर रेलवे स्टेशन होशियारपुर से प्रकाशित किया। सम्पादक राजेंद्र कुमार

# वायु प्रदूषण से बढ़ सकता है गर्भपात का खतरा



*वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस से जुड़ी बीमारियां ही नहीं होतीं बल्कि गर्भवती महिलाओं में गर्भपात का भी खतरा रहता है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन में यह नई बात सामने आई है जो प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए चिंता का सबब हो सकती है।*

वायु प्रदूषण के संपर्क में थोड़ी देर के लिए भी आने से गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। एक नए अध्ययन में यह चिंतित करने वाली बात सामने आई है। वायु प्रदूषण को दमा से लेकर समयपूर्व प्रसव तक, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले तमाम बुरे प्रभावों से जोड़ कर देखा जाता है।

**3-7 दिनों के बीच गर्भपात के खतरे की जांच :** अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने हवा में तीन साधारण प्रदूषक तत्वों- अतिसूक्ष्म कण पीएम 2.5, नाइट्रोजन ऑक्साइड और ओजोन की मात्रा बढ़ जाने के बाद 3-7 दिन की अवधि के दौरान गर्भपात के खतरे को जांचा। इस टीम ने पाया कि नाइट्रोजन ऑक्साइड के बढ़े स्तर के संपर्क में आने वाली महिलाओं को गर्भपात होने का खतरा 16 प्रतिशत तक बढ़ गया। यह अध्ययन फर्टिलिटी एंड स्टर्लिटी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

### प्रदूषण के संपर्क में आने पर गर्भपात का खतरा 16

अमेरिका के यूटा विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि यूटा राज्य की सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र में रहने वाली महिलाएं जब वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद उसके संपर्क में आईं तो उनमें गर्भपात होने का खतरा 16 प्रतिशत बढ़ गया। 2007 से 2015 के बीच किए गए इस अध्ययन में 1300 महिलाएं शामिल थीं जिन्होंने गर्भपात के बाद (20 हफ्ते की गर्भावस्था तक) चिकित्सीय मदद के लिए आपातकालीन विभाग का रुख किया था।

# मीट बेस्ड डाइट बन सकता है जल्दी मौत का कारण- स्टडी

**यदि** आप मीट-बेस्ड डाइट अधिक पसंद करते हैं, तो आपके लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है। द न्यू यॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग मीट-बेस्ड डाइट अधिक फॉलो करते हैं उनकी मृत्यु जल्दी हो सकती है। परिणाम पर पहुंचने के लिए 42 से 60 वर्ष की आयु के बीच के 2,641 पुरुषों के स्वास्थ्य और आहार संबंधी आंकड़े एकत्र किए गए। 22 वर्षों की उनकी आहार योजनाओं को रिकॉर्ड किया गया, इस दौरान उनमें से 1,225 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई। जब डेटा की तुलना उन लोगों से की गई, जिन्होंने एक दिन में 76 ग्राम से कम मीट खाया, तो पता चला कि उनके मरने की संभावना 23 प्रतिशत अधिक थी। इस अध्ययन को अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित किया गया है। प्रोटीन के अधिक सेवन का समय से पहले मौत से किसी प्रकार का कोई रिलेशन नहीं है, लेकिन सिर्फ तब तक जब तक वह इंसान किसी गंभीर बीमारी से ना जूझ रहा हो। शोधकर्ताओं ने यह पता किया है कि जो लोग मीट प्रोटीन का अनुपात जितना अधिक करते हैं, उतनी ही जल्दी उनकी मृत्यु का खतरा बढ़ता है।



शोधकर्ताओं ने अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए निष्कर्ष निकाला है कि इंसान की मृत्यु के जोखिम के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं जैसे- आय और शिक्षा स्तर, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), शारीरिक गतिविधि, धूम्रपान की आदतें, अधिक कैलोरी का सेवन, शराब का सेवन। इन सभी के कारण भी कैंसर और हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा शोधकर्ताओं ने कहा है, यह भी संभव है कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान केमिकल को जोड़ा या उत्पादित किया जाता है, जिसके हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, मीट को संरक्षित करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कुछ प्रक्रियाएं पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) नामक यौगिकों का उत्पादन कर सकती हैं, जिन्हें कैंसर से जोड़ा गया है।

# सिर्फ खाना ही नहीं

## इन कारणों से भी बढ़ता है मोटापा

**कई** बार जब हम वजन कम करने की सोचते हैं और वजन घटने की बजाय बढ़ने लगता है। हमें लगता है कि ऐसा हमारे आहार के कारण हो रहा है हालांकि इसके कई अन्य कारण भी हैं।

हम में से बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपना वजन बढ़ने को लेकर परेशान हैं। इसके कारण वो वजन कम करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन उसके बाद भी कभी-कभी वजन नहीं होता। वजन बढ़ने से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे मोटापा, डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में हम अपना खाना कम कर देते हैं. डाइटिंग करते हैं लेकिन आपको बता दें कि केवल आपका खान-पान वजन बढ़ने के लिए जिमेदार नहीं होता है। अचानक और ना चाहते हुए भी वजन बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं जिनमें आपका भोजन शामिल नहीं है।

### नींद की कमी

नींद पूरी ना होने की वजह से आप कई समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। आजकल लोग घंटों फोन के साथ बिता देते हैं या टीवी देखते रहते हैं जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती है और आपको पूरे दिन थकावट महसूस होती है। यह भी वजन बढ़ने का एक कारण होता है।

### हार्मोनल बदलाव

हमारे शरीर में हार्मोन्स कई फंक्शन्स के लिए जिमेदार होते हैं। ऐसे में आपके शरीर में हार्मोनल बदलाव होने के कारण आपका वजन प्रभावित होता है। अगर शरीर में हार्मोन्स असंतुलित रहते हैं तो आपका वजन बढ़ सकता है।

### रक्त का सही तरीके से संचार ना होना

शरीर में सही तरीके से ब्लड सर्कुलेशन ना होने की वजह से भी वजन बढ़ जाता है। पैरों की नसों में मौजूद वाल्व ब्लड के लो को हृदय की तरफ बढ़ाते हैं जिसकी वजह से ब्लड सर्कुलेशन खराब हो जाता है और वजन बढ़ने लगता है।

### मेडिकेशन

अगर आप दवाईयों का सेवन कर रहे हैं तो कुछ तरह की दवाईयों के सेवन से वजन बढ़ने लगता है। अगर आपका दवाईयों के सेवन के कारण वजन बढ़ रहा है तो डॉक्टर से बात करें।

### मेनोपॉज

बहुत सारी महिलाओं को मेनोपॉज के दौरान पेट की चर्बी बढ़ने की परेशानी होती है क्योंकि इस अवस्था के दौरान एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में फैट पेट के चारों और जमा होना शुरु हो जाता है और पेट पर अतिरिक्त चर्बी जमा हो जाती है।




# टायफॉयड होने पर इन घरेलू उपचारों की मदद से पा सकते हैं राहत

*टायफॉयड होने पर कई घरेलू उपचार काम आते हैं। दवाइयों के साथ-साथ आप घरेलू उपचारों की मदद भी ले सकते हैं। ये उपचार आपको किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।*

**टायफॉयड** इंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में बैक्टीरियल इंफेक्शन की वजह से होता है। साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया टायफॉयड के लिए जिम्मेदार होता है। अनहेल्दी फूड्स और पानी में यह बैक्टीरिया मौजूद होता है जो आपके शरीर में प्रवेश करता है। यह बैक्टीरिया इंटेस्टाइन से होते हुए ब्लड में फैलता है जो टायफॉयड को और गंभीर बनाता है। बैक्टीरिया आपके लिम्फ नोड्स, लीवर, गॉल ब्लैडर और शरीर के अन्य हिस्सों में ब्लड के जरिए जाता है। डॉक्टर ने टायफॉयड के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवाइयों का सेवन करने बोलते हैं। लेकिन दवाइयों के साथ-साथ आप घरेलू उपचारों की मदद भी ले सकते हैं।

**सेब का सिरका**-सेब के सिरका का इस्तेमाल टाइफाइड के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। इसमें एसिडिक प्रॉपर्टी उच्च मात्रा में होता है जो शरीर के तापमान को कंट्रोल करने में मदद करता है। टायफॉयड के दौरान आप लगभग एक सप्ताह तक सेब के सिरका को शहद के साथ मिलाकर पिएं। इससे आपको लाभ मिलेगा।



**केला**-केले में पेक्टिन नामक एक सॉल्यूबल फाइबर होता है जो टायफॉयड के कारण होने वाले बुखार को कम करता है और दस्त से भी राहत दिलाता है। केले को आप क्रश कर के दही और शहद के साथ खाएं। यह आपके बुखार को कम करता है।

**लहसुन**-लहसुन में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट होता है जो टायफॉयड के कारण होने वाली परेशानी को कम करने में मदद करता है। साथ ही टायफॉयड के लक्षणों को भी कम करने में मदद करता है। लहसुन को आप लगभग एक सप्ताह तक खाएं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**तुलसी**-तुलसी एक ऐसी जड़ी-बूटी होती है जो टायफॉयड के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। साथ ही टायफॉयड के कारण होने वाले बुखार को भी कम करता है। तुलसी के रस को पानी के साथ मिलाकर पीने से राहत मिलती है।

# भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर लापता अमृतपाल की तलाश तथा उसकी सकुशल घर वापसी के लिए खन्ना ने की भारत सरकार से अपील

## पत्र द्वारा केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के समक्ष उठाया मुद्दा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

भाजपा के पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने फाजिल्का जिले के अमीर खास थाने के अंतर्गत सीमावर्ती गांव खैरे के उत्तर में 21 जून को लापता हुए 23 वर्षीय युवक अमृतपाल सिंह की तलाश करने व उसकी सकुशल घर वापसी के लिए भारत सरकार से अपील की है। खन्ना के कार्यालय से ज्योति कुमार जौली ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों अमृतपाल सिंह नियमित कृषि कार्य के लिए सीमा चौकी राणा के क्षेत्र में बाड़ के आगे चला गया था। प्राप्त जानकारी



अनुसार अमृतपाल गेट बंद होने तक वापस नहीं लौटा। लापता युवक के पिता जुगराज सिंह के अनुसार उनका बेटा बाड़ के पार पड़ने वाली उनकी पारिवारिक जमीन पर गया और पूरे दिन काम करने के पश्चात शाम को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से गायब हो गया। खन्ना ने उक्त मामले सम्बन्धी तुरंत केंद्रीय विदेश मंत्रालय को पत्र द्वारा इस मामले सम्बन्धी सूचित करते हुए अमृतपाल की तलाश करने और उसकी सकुशल घर वापसी की मांग की है। खन्ना ने पीड़ित परिवार को हौंसला देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है। श्री खन्ना ने कहा कि भारत सरकार की करवाई से अमृतपाल के सकुशल घर लौटने की पूरी उम्मीद है।

# डेंगू से बचाव के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में की गई विशेष जांच और छिड़काव

**जनगाथा न्यूज/चब्बेवाल**
**हैप्पी कलेर**

स्वास्थ्य विभाग पंजाब के निदेर्शों और सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार शगोत्रा के मार्गदर्शन में ₹हर शुक्रवार डेंगू ते वार₹ अभियान के तहत होशियारपुर में डेंगू रोधी गतिविधियां तेज की गईं। जिला एपीडिमोलोजिस्ट डॉ. जगदीप सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमों ने शहर के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों का दौरा कर मच्छरों के लार्वा की जांच की। जिन घरों में लार्वा मिला, वहां पानी खाली किया गया या लार्वीसाईड का छिड़काव किया गया। नागरिकों को टूटे बर्तन, टायर, कूलर और अन्य पानी इकट्ठा करने वाले साधनों की नियमित सफाई के लिए जागरूक किया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि एडीज मच्छर दिन में काटता है, इसलिए पूरी बाजू के कपड़े, मोजे-जूते पहनना और मच्छरदानी का प्रयोग करना जरूरी है। विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई कि वे अपने घरों और आस-पास सफाई रखें



और पानी जमा न होने दें ताकि डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव हो सके।

# जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण ने पुरहीरां में लगाया जागरूकता कैंप

## मेयर सुरिंदर कुमार ने विशेष रूप से की शिरकत

**जनगाथा न्यूज/गढ़शंकर**
**हैप्पी कलेर**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, होशियारपुर रजिंदर अग्रवाल के दिशा-निदेर्शों के तहत जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आज पुरहीरां में एक विशेष कानूनी जागरूकता कैंप लगाया गया। इस अवसर पर नगर निगम के मेयर सुरिंदर कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। मेयर ने जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आम जनता को कानूनी सहायता के अधिकारों के प्रति जागरूक करना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस दौरान पैनल एडवोकेट श्वेता शर्मा और पैरा लीगल वॉलंटियर बलवीर सिंह द्वारा लोगों को



मुफ्त कानूनी सलाह, उप-मंडल न्यायालयों, जिला अदालतों, माननीय हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में दीवानी, फौजदारी व संपत्ति संबंधी मामलों की पैरवी के लिए वकील की सेवाएं, कोर्ट फीस, तलबाना, गवाहों का खर्च, वकील की फीस तथा अन्य खर्चों की सरकारी वहन प्रणाली, मध्यस्थता प्रक्रिया और लोक अदालतों के माध्यम से विवादों के निपटारे जैसी विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर हरपाल सिंह पाला, पंचायत अफसर हरभजन सिंह, डॉ. कृष्ण गोपाल, रोशन लाल, राम दयाल, बलविंदर राज विरदी, बिट्टू कोहली, परमजीत कोहली, सूरज मोहन पिंटू, राजू बेदी, अमरजीत चौधरी, सुरजीत (यूनियन बैंक), राकेश भाटियां, शिंदरपाल फिट्टर, नरेंद्र निंदी एडवोकेट, अभिषेक मोदगिल एडवोकेट समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर भगवानपुरिया की मां और बॉडीगार्ड की गोलियां मारकर हत्या, बंबीहा गैंग से जुड़े गुर्गों ने ली जिम्मेदारी

**गुरदासपुर।** पंजाब के अपराध जगत में एक बार फिर खूनी गैंगवार का खौफनाक चेहरा सामने आया है। गुरदासपुर जिले के बटाला में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर (52) और उसके बॉडीगार्ड करणवीर सिंह (29) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात गुरुवार देर रात को हुई, जब दोनों कार में कहीं जा रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने अचानक उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। करणवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर को छ्ह गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शुरूआती जांच में हमले का टारगेट करणवीर सिंह था, जो कथित रूप से गैंगस्टर जग्गू के अवैध कार्यों को संभालता था। वह न केवल जग्गू के हथियारों और पैसों की देखरेख करता था, बल्कि गिरोह के कई अहम कार्यों में शामिल भी था। बंबीहा गैंग से जुड़े हरियाणा के 2 कुख्यात गैंगस्टरों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जिम्मेदारी ली है। पुलिस इस घटना को आपसी गैंगवार से जोड़कर देख रही है, क्योंकि जग्गू पंजाब में लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा है। कई विरोधी गैंग से उसका टकराव रहा है। हरियाणा के 2 कुख्यात गैंगस्टरों प्रभू दासुवाल और कौशल चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है। उन्होंने लिखा, हसत श्री अकाल मेरे सच्चे वीर को। जो बटाला में करण का कत्ल हुआ है, इसकी जिम्मेदारी मैं डोनी बल बिल्ला मांगा, प्रभू दासूवाल और कौशल चौधरी लेते हैं।ह उन्होंने दावा किया कि यह हत्या बदले में की गई, क्योंकि करणवीर ने उनके साथी गोरे बरयाड़ के मारे जाने में अहम भूमिका निभाई थी।

SINCE 1958
St. Soldier
DIVINE PUBLIC SCHOOLS
LEADING CHAIN OF 33 SCHOOLS IN INDIA
B Academics
Sports
E Culture
Values
S Discipline
Teachers
T Infrastructure
ADMISSION OPEN 2025-26
FROM PRE-NURSERY ONWARDS
www.stsoldiergroup.com /stsoldiergroup
Come and Be a Part of World Class School Education at St. Soldier Divine Public Schools, Caring Teachers, Bright Students, Best Academic Results, Sports and Cultural Activities, KIDZ Paradise for tiny tots, Every Child deserve the education at St. Soldier Divine Public Schools.
HOSHIARPUR ZONE:
LAXMI ENCLAVE 01882-249622 PRINCIPAL - 9517929001, UNA ROAD 01882-236973, PRINCIPAL - 9464730881, TANDA: 01886-222680, PRINCIPAL - 9417246477, GARHDIWALA: 01886-261943, PRINCIPAL - 9417966958, MAHILPUR: 01882-245729, PRINCIPAL - 9569629339, CHABBEWAL: 01882-271443, PRINCIPAL - 9814312062, GARHSHANKAR: 01884-284154, PRINCIPAL - 9463778782
CORP. OFFICE : 680-L MODEL TOWN, JALANDHAR
M: 98140-03681, 98140-03652, 98143-45025

# स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने सब्जी मंडी मुकेरियां व आसपास के गांवों की चेकिंग की

## सड़े हुए आमों को मौके पर ही नष्ट किया

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

माननीय कमिश्नर फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब श्री दिलराज सिंह, आईएएस, एवं सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. पवन कुमार शगोत्रा के आदेशों तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जतिंदर भाटिया के दिशा-निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को मुकेरियां सब्जी मंडी तथा आसपास के गांवों नौशहरा और मानसर में खाद्य पदार्थों की दुकानों की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुनीश सोढ़ी के नेतृत्व में टीम ने फल-सब्जी विक्रेताओं की रेहड़ियों, दुकानों व स्टालों की जांच के दौरान सड़े-गले व अत्यधिक पके आमों को मौके पर ही नष्ट कर दिया और विक्रेताओं को



कड़ी चेतावनी दी कि वे किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों का उपयोग फल या सब्जी पकाने के लिए न करें। साथ ही उन्हें गर्मी और बरसात के मौसम में खराब फलों-सब्जियों को स्वयं नष्ट करने के लिए भी प्रेरित किया गया। टीम द्वारा इस दौरान कुल 9 नमूने एकत्र किए गए। इनमें से 3 नमूने आम के, 3 दूध के और 3 खाद्य तेल के थे। ये नमूने मुकेरियां, नौशहरा और मानसर क्षेत्र से लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुनीश सोढ़ी ने जानकारी दी कि सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSSAI) के नियमों का पालन करें ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को किसी भी प्रकार की हानि न पहुंचे।स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने सब्जी मंडी मुकेरियां व आसपास के गांवों की चेकिंग की
सड़े हुए आमों को मौके पर ही नष्ट किया।

# डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने संभावित बाढ़ के मद्देनजर किया ब्यास दरिया किनारे बसे गांवों का दौरा

## कहा, सरकार की तरफ से 1.20 करोड़ रुपए की लागत से बनवाए गए स्टड, अतिरिक्त फंड भी जल्द होंगे जारी

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

मानसून सीजन की शुरूआत से पहले संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने आज एसडीएम मुकेरियां कमलजीत सिंह और ड्रेनेज विभाग के एसडीओ सुखप्रीत सिंह के साथ ब्यास दरिया के किनारे बसे गांवों नौशहरा पत्तन, होशियारपुर कलोता और महिताबपुर का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पंजाब सरकार संभावित बाढ़ को लेकर पूरी तरह सतर्क और चिंतित है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि पूर्व में आई बाढ़ों के कारण हुए भारी नुकसान को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पहले ही 1.20 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी थी, जिससे ब्यास दरिया के किनारों पर सुरक्षा के लिए स्टड (रक्षक



बांध) बनाए गए हैं और संबंधित कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्रामीणों की मांग पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि भी जल्द जारी की जाएगी ताकि बाकी बचे इलाकों में भी स्टड निर्माण संभव हो सके और गांवों तथा कृषि भूमि को बाढ़ के पानी से बचाया जा सके। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पंजाब सरकार और जिला प्रशासन की इस तत्परता की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। किसानों ने विशेष रूप से सरकार द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति और खेतों तक नहरी पानी पहुंचाने के प्रयासों को सराहा। इस मौके पर सरपंच जसविंदर सिंह, नंबरदार बलजीत सिंह, बाबा मलकीत सिंह, नंबरदार अवतार सिंह, रविंदर सिंह रम्मी, कुलजीत सिंह, तरसेम सिंह, किसान नेता और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# रेड क्रास और हारटेक फाउंडेशन के बीच ए.डी.ए.पी.टी रिसर्च फेलोशिप को लेकर समझौता

- फेलोशिप के जरिए युवाओं को 'कमाओ और सीखो' का अवसर: डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन
- चयनित युवाओं को मिलेगा स्टाइपेंड, नीति निर्माण में निभाएंगे भूमिका

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

होशियारपुर, 27 जून: डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी होशियारपुर और मोहाली स्थित हारटेक फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके तहत ए.डी.ए.पी.टी रिसर्च फेलोशिप कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। यह पहल हारटेक फाउंडेशन की ओर से की जा रही है, जो हारटेक ग्रुप की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी इकाई है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इस फेलोशिप के तहत हारटेक फाउंडेशन चयनित रिसर्च फेलोज को वित्तीय सहायता (स्टाइपेंड) प्रदान करेगा, जो जिला प्रशासन के साथ विभिन्न रिसर्च एवं विश्लेषण परियोजनाओं पर मिलकर कार्य करेंगे। फेलोशिप का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों में विश्लेषणात्मक, रिसर्च व प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सहायक कमिश्नर ओएशी मंडल (आईएएस) को जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो रेड क्रॉस और हारटेक फाउंडेशन के साथ तालमेल स्थापित करेंगी। फेलोशिप के लिए चयन प्रक्रिया जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया तथा कॉलेजों और



शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से चलाई जाएगी। इसके लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार, आवेदक भारत में निवास करने वाला भारतीय नागरिक होना चाहिए। साथ ही उसके पास अर्थशास्त्र, स्टेटिस्टिक्स, कामर्स, गणित(एम.ए/एम.एस.सी) या कंप्यूटर साइंस (बी.टैक/एम.टैक) में पोस्ट ग्रेजुएशन या तकनीकी डिग्री होनी चाहिए। डेटा विश्लेषण व नीति अनुसंधान में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही एक्सल, स्टाटा, आऱ या पायथन जैसे टूल्स पर कार्य करने का कौशल भी आवश्यक होगा। चयन के समय आवेदक किसी अन्य फेलोशिप से लाभान्वित नहीं होना चाहिए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यह फेलोशिप न्यूनतम एक वर्ष की अवधि की होगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने इस पहल को युवाओं के लिए ₹कमाओ और सीखो₹ की दिशा में एक अहम कदम बताया, जिससे युवाओं को प्रशासन के विभिन्न प्रोजेक्टों से जुड़ने का अवसर मिलेगा और वे नीतिगत निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। सचिव जिला रेड क्रास सोसायटी मंगेश सूद ने बताया कि हारटेक ग्रुप भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कंपनियों में से एक है, जिसका मुख्यालय मोहाली, पंजाब में स्थित है। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाकर सतत आजीविका के अवसर पैदा करना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर हारटेक फाउंडेशन की सीईओ हरकीरत कौर, डीडीएफ जोया सिद्दीकी, रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त सचिव आदित्य राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोलकाता में एक और गैंगरेप, लॉ कॉलेज की छात्रा को हैवानों ने बनाया शिकार, तीन गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि ये घटना छात्रा के साथ उसके कॉलेज कैंपस में ही हुआ है। इस मामले को लेकर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि जिस छात्रा के साथ गैंगरेप हुआ है वह लॉ की पढ़ाई कर रही थी. पुलिस के अनुसार घटना 25 जून की है। कासबा पुलिस स्टेशन में पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई और उसी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में कॉलेज का एक पूर्व छात्र और स्टाफ सदस्य के अलावा वर्तमान में पढ़ने वाले छात्र भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पीड़िता का प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण करवाया गया, गवाहों के बयान दर्ज किए गए और घटनास्थल का दौरा किया गया। कॉलेज परिसर को फिलहाल सील कर दिया गया है ताकि फॉरेंसिक जांच की जा सके। तीन में से दो आरोपियों को तालबागान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर सिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे आरोपी को उसके आवास से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने तीनों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए हैं, ताकि डिजिटल सबूतों की जांच की जा सके। बता दें कि पिछले साल भी आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भी एक छात्रा के साथ रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। बाद में आरोपी संजय रॉय को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# सोनी परिवार द्वारा लगाया गया मिंनी जंगल शहरवासियों के लिए वरदान-सचदेवा

## अजीत नगर, अस्लामाबाद में किया गया पौधारोपण

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रूपिंदर**

अजीत नगर अस्लामाबाद में गांव बजवाड़ा के एनआरआई संदीप सोनी द्वारा अपनी 3 एकड़ जमीन पर लगाया जा रहा मिंनी जंगल शहरवासियों के लिए वरदान साबित होगा, यह बात प्रसिद्ध समाजसेवी एंव फिट बाइकर क्लब के अध्यक्ष परमजीत सिंह सचदेवा ने मिंनी जंगल में पौधे लगाने के समय कही। उन्होंने कहा कि अब तक इस जमीन पर विभिन्न किस्मों के 2 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। परमजीत सचदेवा ने कहा कि आज के समय में अपनी करोड़ों रुपए की जमीन समाज के भले के लिए लगाने वाले लोग बहुत कम मिलते हैं, लेकिन संदीप सोनी द्वारा जो काम किया जा रहा है इसे दुनिया में याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब 2 साल में यहां पर एक छोटा जंगल तैयार हो जाएगा जो शहरवासियों को शुद्ध ऑक्सीजन मुहैया करवाएगा और लोग यहां पर पहुंचकर प्रकृति का आनंद ले सकेंगे। परमजीत सचदेवा ने कहा कि हमारा समाज जहां तरक्की कर रहा है वहीं हमारा पर्यावरण भी खराब हो रहा है जिसके कारण बीमारियां बढ़ रही हैं और ऐसे में आम लोगों को शुद्ध और स्वच्छ ऑक्सीजन की मूलभूत जरूरत है जिसे यह जंगल पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सोनी परिवार ने लड़कियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देने और बजवाड़ा में फुटबॉल ग्राउंड बनाने की भी बड़ी पहल की है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए जिस जमीन पर फुटबॉल ग्राउंड बनाया गया है वह जमीन भी संदीप सोनी ने ही दी है। परमजीत सचदेवा ने कहा कि सोनी परिवार हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जनरल जेएस ढिल्लों, डॉ. सुखदेव सिंह ढिल्लों, डॉ. अरविंद सिंह धूत, अमरदीप सिंह, डीपीई सतिंदर कुमार, प्रिंसिपल राम मूर्ति शर्मा, कुंदन सिंह कालकट आदि भी मौजूद थे।



पौधा लगाते समय परमजीत सचदेवा, जे.एस.ढिल्लो व अन्य समाजसेवी।

# सेंट सोल्जर स्कूल में समर कैंप का आयोजन, छात्रों ने पूल पार्टी में की मस्ती



**जनगाथा न्यूज/टांडा**
**रविंदर**

सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल टांडा की ओर से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारन तथा उन्हें मानसिक तनाव से मुक्त करने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सतविंदर कौर कैंप के दौरान छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ अलग-अलग गेम्स तथा खानपान की चीजें तैयार कर खूब आनंद लिया ओर पूल पार्टी सबसे ज्यादा मस्ती भरी रही। स्कूल डायरेक्टर इंदर कुमार साहनी ने बताया कि छात्रों पढ़ाई की मानसिक थकान को दूर करने के लिए गर्मी का ख्याल रखते हुए इनडोर गेम्स तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। समर कैंप दौरान छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए वार्म अप एक्सरसाइज, योग आदि करवाई गईं। इसके इलावा कई प्रकार की गेम्स, क्ले मॉडलिंग, नॉन-फायर कुकिंग, पेंटिंग, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि गतिविधियां का प्रबंध किया गया। इस दौरान छात्रों को गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा फल खाने, फलों के फायदे इत्यादि के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रिंसिपल सतविंदर कौर ने छात्रों ओर अध्यापकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के लिए ऐसी गतिविधियां छात्रों के लिए बहुत जरूरी है। यह के मानसिक तनाव को ही दूर नहीं करती बल्कि छात्रों की रुचियों को भी समझने में मदद करती है। उन्होंने सभी स्कूल छात्रों को ऐसी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# स्वास्थ्य विभाग ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया

**जनगाथा न्यूज/गढ़शंकर**
**हैप्पी कलेर**

'चक्र तोड़ोः रोकथाम, उपचार और सभी के लिए स्वास्थ लाभह्न विषय पर आधारित, स्वास्थ्य विभाग होशियारपुर द्वारा आज सिविल अस्पताल, होशियारपुर में सिविल सर्जन डॉ पवन कुमार शगोत्रा के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार सागोत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. हरबंस कौर, एसएमओ इंचार्ज सिविल अस्पताल डॉ. स्वाति एसएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, डिप्टी मास मीडिया अधिकारी डॉ. तृप्ता देवी, डिप्टी मास मीडिया अधिकारी रमनदीप कौर, काउंसलर प्रशांत आदिया, संदीप कुमारी, सुखप्रीत कौर साइकेट्रिक सोशल वर्कर, तजिंदर कौर साइकोलॉजिस्ट, प्रिंसिपल सुखविंदर कौर, अमरप्रीत कौर और मनप्रीत कौर



मौजूद थे। रैली में सरकारी नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह रैली सिविल अस्पताल से शुरू होकर प्रभात चौक से होते हुए वापस सिविल अस्पताल में समाप्त हुई। समापन समारोह में श्रोताओं को संबोधित करते हुए डॉ. पवन कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और यह कई बहुमूल्य जीवन को लील रही है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को नशे से सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार का जीवन बर्बाद कर देता है। यह एक मानसिक बीमारी है जिसे उचित उपचार से स्थायी रूप से ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर उप चिकित्सा आयुक्त डॉ. हरबंस कौर ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में एक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, 02 नशा मुक्ति दवा केंद्र तथा 16 ओट क्लीनिक चलाए जा रहे हैं, जहां पर नशा पीड़ित व्यक्ति बिना किसी अप्वाइंटमेंट के पंजीकृत डॉक्टर की मौजूदगी में दवा ले सकते हैं। दवा के साथ-साथ यहां नशा करने वालों को सशक्त परामर्श भी दिया जाता है, जिससे मानसिक संतुष्टि प्रदान कर मरीज को नशा छोड़ने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज को नशे जैसी बुराइयों से बचाने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

# 56.63 लाख की ग्रांट से मिलेगी चब्बेवाल के विकास कार्यों को तेजी - डॉ राज कुमार

## सांसद ने पंचायतों को वितरित किए चेक, जनता को सरकार की उपलब्धियों से कराया रूबरू

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर, चब्बेवाल**
**रूपिंदर**

चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति देने के उद्देश्य से सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल ने विभिन्न गांवों की पंचायतों को कुल 56.63 लाख रुपये के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह धनराशि गांवों की गलियों, नालियों, स्ट्रीट लाइट्स, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ करने के लिए दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि युवा शक्ति को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए स्टेडियम और जिम निर्माण हेतु विशेष ग्रांट प्रदान की गई है। इस अनुदान से चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के गांव जैसे ढक्कोवाल, माडूली ब्राह्मणा, पंडोरी बीबी, हारटा, राजपुर भाईयां, चित्तो, जल्लोवाल, हरमोया, खेड़ा कलां, खनोड़ा, जियाण, बढला, अहराणा कला आदि को लाभ मिलेगा। डॉ. चब्बेवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के हर कोने में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जनसेवा को समर्पित शासन प्रणाली के तहत कार्य कर रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय निवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और चब्बेवाल के विधायक डॉ. ईशांक तथा सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. राजकुमार चब्बेवाल ने सभी से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस मौके पर सरपंच सुनीता देवी, सरपंच मेजर सिंह, सरपंच मोहन लाल, काला जल्लोवाल, रिंकू सिद्धू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# अमरनाथ यात्रा पर मंडरा रहा आतंकी हमले का खतरा, उधमपुर के बसंतगढ़ में जैश का एक आतंकवादी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के जिला उधमपुर के दूरदराज व पहाड़ी क्षेत्र बसंतगढ़ के घने जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया, जो समूह का सरगना बताया जा रहा है, जबकि तीन आतंकी अभी भी घेरे में हैं। मारे गए आतंकी और उसके साथियों के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। इन आतंकियों के पास अत्याधुनिक एम-4 कार्बाइन जैसे हथियार हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ऑपरेशन को ह्यऑपरेशन बिहालीह्ण नाम दिया गया है और यह सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई है।



खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों ने बसंतगढ़ के बिहाली जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे आतंकियों के साथ आमना-सामना होने पर दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों का कहना है कि घेरे में अभी तीन आतंकी फंसे हुए हैं, जिनके मारे जाने की संभावना है। आतंकियों के भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए विभिन्न दिशाओं से अतिरिक्त सुरक्षाबल भेजे गए हैं। अभियान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में घनी धुंध और वर्षा के कारण कुछ बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन सुरक्षाबल पूरी सतर्कता और समन्वय के साथ कार्रवाई को आगे बढ़ा रहे हैं। यह अभियान आगामी अमरनाथ यात्रा (जो तीन जुलाई से शुरू हो रही है) के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# माहवारी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के अपने मिशन पर कायम हैं मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड और सामाजिक कार्यकर्ता मानुषी छिल्लर ने अपनी बहुचर्चित गैर-लाभकारी पहल प्रोजेक्ट शक्ति के माध्यम से माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता और इससे जुड़े सामाजिक टैबू को तोड़ने का कार्य जारी रखा है। हाल ही में उन्होंने मुंबई के एक स्कूल में छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें मासिक धर्म की जानकारी दी, सैनिटरी पैड वितरित किए और इस विषय पर खुलकर संवाद भी किया। मानुषी की यह पहल केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने ग्रामीण इलाकों में भी 20 से अधिक गांवों की 5,000 से अधिक महिलाओं को सैनिटरी पैड और स्वास्थ्य शिक्षा देकर लाभान्वित किया है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उन्होंने राज्य सरकारों से अपील कर महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड और राशन मुहैया करवाने की मांग भी की थी। प्रोजेक्ट शक्ति के माध्यम से मानुषी ने सिर्फ



भारत में ही नहीं, बल्कि अफ्रीका में भी सस्ते और कंपोस्ट योग्य सैनिटरी पैड्स की मुहिम चलाई। उनके इस प्रयास को मिस वर्ल्ड ब्यूटी विद ए पर्पज अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में भागीदारी की उनकी प्रतिबद्धता वर्ल्ड एड्स डे जैसे वैश्विक मंचों पर भी दिखी है। बॉलीवुड में भी वह सक्रिय हैं और जल्द ही उनकी दो फिल्में झ्र 'मालिक' (राजकुमार राव के साथ) और 'तेहरान' (जॉन अब्राहम के साथ) रिलीज होने वाली हैं, जिनमें वह दो अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगी।

# पंजाब के पुलिस थानों पर होने थे हमले, बब्बर खालसा के 3 गुर्गे गिरफ्तार, 2 हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली को कामयाबी हासिल हुई है। सेल ने पाकिस्तानी क्रक्रसमर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी नेटवर्क से संबंधित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने दावा किया कि आरोपी अमृतसर में पुलिस ठिकानों पर हमला और टारगेट किलिंग की



योजना बना रहे थे। इनकी गिरफ्तारी से एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। यह मॉड्यूल यूके में बैठे निशान सिंह और पाकिस्तान में छिपे आतंकी हरविंदर रिंदा द्वारा चलाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह के रूप में हुई है। दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं। जबकि एक आरोपी किशोर भी है। जानकारी में ये भी सामने आया है कि इनकी पंजाब में पुलिस थानों पर हमले की योजना थी। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

## पंजाब के तरन तारन से आप विधायक डॉ. कश्मीर सिंह सोहल का निधन, सीएम मान ने जताया दुख

**तरन तारन।** पंजाब के तरन तारन से आप विधायक डॉ. कश्मीर सिंह सोहल का निधन हो गया है। उन्होंने अमृतसर के एक निजी अस्पताल में आखिरी सांस ली। वह पिछले काफी समय से कैंसर की बिमारी से पीड़ित चल रहे थे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनकी मौत पर शोक जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर सीएम मान ने लिखा कि ह्यतरनतारन से हमारे पार्टी के विधायक डॉ.



कश्मीर सिंह सोहल के आकस्मिक निधन की दुखद खबर मिली। सुनकर बेहद दु:ख लगा, डॉ. साहब पार्टी के एक मेहनती और संघर्षशील नेता थे।ह्ण सीएम मान ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, इस दुख भरी घड़ी में उनके परिवार के प्रति दिल से हमदर्दी। परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार सहित चाहने वालों को इस मुश्किल समय में धैर्य और हिम्मत दे। वाहेगुरु वाहेगुरु।

# ये हैं अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के आसपास घूमने की बेस्ट जगहें



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर यानी गोल्डन टेंपल न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में रह रहे सिख धर्म के अनुयायियों के लिए भी सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। सिर्फ सिख धर्म के लोग ही नहीं बल्कि देश और दुनिया से बड़ी सं या में दूसरे धर्म के लोग भी हर साल कभी पर्यटक बनकर तो कभी श्रद्धालु बनकर स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने आते रहते हैं। अमृतसर भले ही स्वर्ण मंदिर के लिए प्रसिद्ध हो लेकिन इस शहर में और भी कई चीजें हैं जो देखने लायक हैं। लिहाजा अगर आप कभी अमृतसर घूमने का प्लान बनाएं तो इन जगहों पर जाना न भूलें। खास बात यह है कि ये सभी जगहें स्वर्ण मंदिर के आसपास ही स्थित हैं...



## वाघा बॉर्डर

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर आने वाले पर्यटक वाघा बॉर्डर भी जरूर जाते हैं। स्वर्ण मंदिर से करीब 30 किलोमीटर दूर है वाघा बॉर्डर। भारत और पाकिस्तान के बीच का यह एक मात्र सड़क मार्ग है। बीटिंग रिट्रीट और चेंज ऑफ गार्ड सेरेमनी को देखने यहां हर रोज बड़ी सं या में पर्यटकों के साथ ही आम लोग भी पहुंचते हैं। भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के जवान यहां पूरे उत्साह के साथ अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हैं।



## जलियांवाला बाग

स्वर्ण मंदिर से 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जलियांवाला बाग जहां अंग्रेजों ने सभा कर रहे निहत्थे भारतीयों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और सैकड़ों बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। यह घटना 13 अप्रैल 1919 को हुई थी। 1951 में इस जगह पर उस हत्याकांड की याद में एक स्मारक बनाया गया था। आज भी अमृतसर आने वाला हर श स इस जगह पर जाकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देना नहीं भूलता।

## महाराजा रंजीत सिंह म्यूजियम

यह खास म्यूजियम लायन ऑफ पंजाब के नाम से मशहूर महाराजा रंजीत सिंह को समर्पित है। महाराजा रंजीत सिंह ने मुगलों के हाथ से पंजाब के एक बड़े हिस्से को छुड़ाने का काम किया था। इस म्यूजियम में महाराजा रंजीत सिंह की बहादुरी और शौर्य से भरपूर गतिविधियों को दिखाया गया है। साथ ही उन्होंने अपने दुश्मनों से जो प्रसिद्ध लड़ाईयां लड़ी उससे संबंधित चीजें भी रखी हुई हैं। इसके अलावा यहां लाइट ऐंड साउंड शो भी होता है जिसका साउंड इफेक्ट आपको किसी वास्तविक युद्ध की याद दिलाता है।





## दुर्गियाना मंदिर

स्वर्ण मंदिर से करीब 1.5 किलोमीटर दूर है हिंदुओं का प्रसिद्ध मंदिर दुर्गियाना मंदिर जो बाहर से देखने में स्वर्ण मंदिर की ही नकल लगता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है साल 1908 में हरसई मल कपूर ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इस मंदिर में मां दुर्गा के अलावा लक्ष्मी-नारायण, शीतला माता और हनुमान जी की भी मूर्तियां हैं।